शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद





# मिशन प्रेरणा

मिशन प्रेरणा

उत्तर प्रदेश, प्रेरक प्रदेश

मिशन शिक्षण संवाद

# काव्य मंजरी


## शैक्षिक कविताओं का संकलन

मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

मिशन प्रेरणा

मिशन शिक्षण संवाद



# मिशन शिक्षण संवाद

# मिशन प्रेरणा

प्रेरक प्रदेश

उत्तर प्रदेश

01

## मिशन प्रेरणा लक्ष्य- भाषा

मिशन प्रेरणा लक्ष्यों में हम,
पहले भाषा के जान जाएँ।
तब ही भाषा के लक्ष्यों को,
छात्र सभी प्राप्त कर पाएँ।।


उत्तर प्रदेश प्रेरक प्रदेश

मिशन प्रेरणा

प्रेरणा लक्ष्य

BASIC EDUCATION

(अ) भाषा

कक्षा 1 निर्धारित सूची में से पाँच शब्द सही से पहचान लेते हैं।

कक्षा 2 अनुच्छेद को 20 शब्द प्रति मिनट के प्रवाह से पढ़ लेता है।

कक्षा 3 अनुच्छेद को 30 शब्द प्रति मिनट के प्रवाह से पढ़ लेते हैं।

कक्षा 4 छोटे अनुच्छेद को पढ़कर 75% प्रश्नों को सही हल कर पाते हैं।

कक्षा 5 बड़े अनुच्छेद को पढ़कर 75% प्रश्नों सही हल कर पाते हैं।

(+-×÷) गणित

कक्षा 1 निर्धारित सूची से 5 संख्याएँ सही से पहचान लेते हैं।

कक्षा 2 एक-अंक के जोड़ घटाव के 75% प्रश्नों को सही हल कर पाते हैं।

कक्षा 3 जोड़ घटाव (हासिल के साथ) के 75% प्रश्नों को सही हल कर पाते हैं।

कक्षा 4 गुणा के 75% प्रश्नों को सही हल कर पाते हैं।

कक्षा 5 भाग के 75% प्रश्नों को हल कर पाते हैं।

भाषा में कक्षा एक के छात्र को,
कुछ शब्दों की सूची को दिखाएँ।
निर्धारित सूची से कक्षा एक के छात्र,
पाँच शब्द सही पहचान पाएँ।।

कक्षा दो के छात्र सूची से बीस शब्द,
प्रति मिनट सही से पढ़ पाएँ।
निर्धारित सूची से कक्षा तीन के छात्र,
तीस शब्द प्रति मिनट सही पढ़ जाएँ।।

कक्षा चार के छात्र छोटे अनुच्छेद के,
75% प्रश्न सही हल कर पाएँ।
कक्षा पाँच के छात्र बड़े अनुच्छेद के,
75% प्रश्न सही हल कर पाएँ।।

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



रचना- नैमिष शर्मा (स०अ०)
उच्च प्रा० विद्यालय (1-8)- तेहरा
विकास खण्ड व जनपद- मथुरा

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

# मिशन शिक्षण संवाद

# मिशन प्रेरणा

प्रेरक प्रदेश

उत्तर प्रदेश

02



## मिशन प्रेरणा लक्ष्य- गणित

मिशन प्रेरणा को हम जानें,
इसके लक्ष्यों को पहचानें।
गणित के लक्ष्य हम बताएँ,
अपने बच्चों को सिखलाएँ।।

कक्षा एक में जब कोई बच्चा,
पाँच अंक को जान जाता।
कक्षा दो में जो 75 प्रतिशत,
जोड़-घटाव को हल कर पाता।।

कक्षा तीन में हासिल करके,
75% जोड़-घटाव सही बताता।
कक्षा चार का जब कोई बच्चा,
75% गुणा सही कर दिखाता।।

### उत्तर प्रदेश प्रेरक प्रदेश

### प्रेरणा लक्ष्य

#### (अ) भाषा

कक्षा 1- निर्धारित सूची में से पाँच शब्द सही पहचान लेते हैं।
कक्षा 2- अनुच्छेद को 20 शब्द प्रति मिनट के प्रवाह से पढ़ लेता है।
कक्षा 3- अनुच्छेद को 30 शब्द प्रति मिनट के प्रवाह से पढ़ लेता है।
कक्षा 4- छोटे अनुच्छेद को पढ़ 75% प्रश्नों को सही हल कर लेते है।
कक्षा 5- बड़े अनुच्छेद को पढ़ 75% प्रश्नों को सही हल कर लेते है।


#### (+ - × ÷) गणित

कक्षा 1- निर्धारित सूची से पाँच संख्याएं सही लेते है।
कक्षा 2- एक अंक का जोड़ घटाव 75% प्रश्नों को हल कर पाते है।
कक्षा 3- जोड़ घटाव (हासिल) 75% प्रश्नों को हल कर पाते है।
कक्षा 4- गुणा के 75% प्रश्नों को सही हल कर पाते है।
कक्षा 5- भाग के 75% प्रश्नों को सही हल कर पाते है।

75% भाग जो कर पाए,
कक्षा पाँच का लक्ष्य वह पाए।
हर बच्चे को लक्ष्य तक पहुँचाना है,
हम शिक्षकों ने यह ठाना है।।




रचना- शहनाज़ बानो (स०अ०)
उच्च प्राथमिक विद्यालय- भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट



# मिशन प्रेरणा गीत

चल-चल-चल मेरे नन्हे चल,
चल-चल-चल विद्यालय चल।



स्कूल तेरा तुझ से कहे, ज्ञान की गंगा बहे।
प्रदेश यह प्रेरक बने, मिशन प्रेरणा यह कहे।।

सर्वांगीण विकास हो, उन्नयन की बात हो।
अब विकास की बात हो, शिक्षकों का साथ हो।।



बात हो उत्कर्ष की, अधिगम के निष्कर्ष की।
मिशन प्रेरणा यह कहे, प्रदेश यह प्रेरक बने।।

ध्यानाकर्षण अपनाकर, आधारशिला मजबूत करें।
शिक्षण संग्रह से शिक्षक, शिक्षण को बेहतर करें।।

ज्ञान की गंगा बहे, प्रदेश यह प्रेरक बने।
देश यह प्रेरक बने, मिशन प्रेरणा यह कहे।।



ना कोई अनपढ़ रहे, शिक्षा की ज्योति जले।
देश का हर बच्चा पढ़े, जीवन में आगे बढ़े।।

सब पढ़े-सब बढ़े, सारा भारत यह कहे।
मिशन प्रेरणा यह कहे, यू० पी० अब प्रेरक बने।।

रचना- पूनम गुप्ता (स०अ०)
प्रा० वि० धनीपुर
धनीपुर, अलीगढ़



# मिशन प्रेरणा

मिशन प्रेरणा को,
आओ मिलकर जानें।
गुणवत्ता पूर्ण हो शिक्षा,
अंतर्मन से मानें।।

साकार करें योगी जी के सपने को,
बनायें प्रेरक प्रदेश अब उत्तर-प्रदेश को
लागू हुआ 4 सितम्बर 2019 को,
मार्च 2023 तक प्राप्त करें इस लक्ष्य को ।।






प्रेरणा तालिका निश्चित करती,
छात्र प्रगति को।
सहयोगी मानों आधार शिला,
ध्यानाकर्षण, शिक्षण संग्रह को।।

प्रेरणा लक्ष्य से मजबूत करें,
बुनियादी शिक्षा को।
प्रेरणा सूची से हासिल करें,
निर्धारित दक्षता को।।

रचना- प्रतिमा उमराव (स०अ०)
उच्च प्रा०वि० अमौली (1-8)
अमौली, फतेहपुर





# मिशन प्रेरणा

मिशन प्रेरणा से बेसिक शिक्षा का,
अब स्तर तो उठ जायेगा।
बेसिक के उन नौनिहालों का,
उज्ज्वल भविष्य बन जाएगा।।

मिशन प्रेरणा से बदलेगी,
बेसिक शिक्षा की तस्वीर।
शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ने से,
बदलेगी बच्चों की तकदीर।।

मिशन प्रेरणा
उत्तर प्रदेश, प्रेरक प्रदेश

भाषा और गणित में बच्चों की,
अब समझ हमे बढाना है।
प्रेरणा लक्ष्यों को पाकर के,
हमें प्रेरक प्रदेश बनाना है।।

आओ हम सब मिलकर के अब,
बेसिक शिक्षा के स्तर को उठायें
मिशन प्रेरणा से उत्तर प्रदेश को,
अब एक प्रेरक प्रदेश बनायें।




रचना- अशोक कुमार (स०अ०)
उ० प्रा० वि० रामपुर कल्याणगढ़,
मानिकपुर, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

मिशन प्रेरणा
उत्तर प्रदेश, प्रेरक प्रदेश

मिशन शिक्षण संवाद

# मिशन शिक्षण संवाद




# मिशन प्रेरणा

प्रेरक प्रदेश  उत्तर प्रदेश

06

# शिक्षण संग्रह

शिक्षण संग्रह है ऐसी हस्तपुस्तिका,
जिसमें कई सारी सूचनाएँ दी गयी हैं।
शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को प्रभावित,
करने वाले कारकों की विवेचना की गयी है।।




व्यक्तित्व विकास और विद्यालय विकास,
का विस्तार से वर्णन किया गया है।
जिसमें गतिविधियों, प्रतियोगिताओं,
जीवन कौशल का विवरण दिया गया है।।

शिक्षण संग्रह के कुल छः भाग हैं जिनमें,
शैक्षिक नवाचारों के उल्लेख किये गये हैं।
कक्षा शिक्षण को प्रभावी बनाने के,
विभिन्न शैक्षिक क्रियाकलाप बताये गये हैं।।


प्रातः और संध्या कालीन सभाओं के साथ,
बेब लिंक, हेल्पलाइन सूत्र दिये गये हैं।
शिक्षक, बच्चों व समुदाय में आपसी तालमेल,
जैसे शिक्षा उत्थान के सुझाव दिये गये हैं।।



रचना- नीलम भास्कर (स0अ0)
प्रा0 वि0 सिसाना (1-8)
बागपत, बागपत

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान

आओ हाथ से हाथ मिलाएं, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं। 9458278429



# > चिह्नों की समझ <

आओ बच्चों! सीखें आज।
चिह्नों की सारी बात।।




किधर चिह्न का मुँह खोलें,
प्रश्न यही है बहुत बड़ा।

जिधर ज्यादा देखो..
उधर मुँह खोलो...

देखो संख्या जिधर हो ज्यादा,
चिह्न का मुँह उधर खुला।।




जिधर हो संख्या कम,
चिह्न का मुँह रखना बन्द।

संख्या दोनों तरफ हो गईं बराबर,
लगाओ दो पाई एक बराबर।।


रचना:-
सुमन लता मौर्य (स०अ०)
प्रा० वि० फरेंदा बलाई
बिलरियागंज, आज़मगढ़




शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

मिशन प्रेरणा
उत्तर प्रदेश, प्रेरक प्रदेश

मिशन शिक्षण संवाद

# मिशन शिक्षण संवाद




# मिशन प्रेरणा

प्रेरक प्रदेश

उत्तर प्रदेश

08

## आधारशिला




आधारशिला मॉड्यूल कक्षा एक से तीन,
के बच्चों की नींव को मजबूत बनाता है।
बच्चों को कक्षावार सीखने सिखाने की
गतिविधियों को हम तक पहुँचाता है।।

इस मॉड्यूल मे कुल छः भाग दिये गए है,
भाषा और गणित सीखने के क्रम दिये है।
अतिम भाग मे शिक्षण संदर्शिका, समय सारणी,
व्यक्तिगत एव कक्षावार आंकलन दिये गए है।


भाषा सीखने का क्रम LSRW है जिसमें,
सुनना, बोलना, पढ़ना और लिखना है।
गणित सीखने का क्रम ELPS है जिससे,
अनुभव, भाषा, चित्र और प्रतीक जानना है।।

फिर गतिविधियों के बारे मे समझिए,
वस्तुओं, परिस्थितियों से सबको जोडिये।
बच्चों के आधार को मजबूत बनाना है,
मार्च 2023 तक प्रेरणा-लक्ष्य हमें पाना है।।


रचना- ज्योति सागर (स०अ०)
प्रा० वि० सिसाना
बागपत, बागपत


शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान





ध्यानाकर्षण रेमेडियल टीचिंग कहलाए,
जब बच्चा स्कूल दौड़-दौड़ कर आए।
ध्यानाकर्षण के हैं चार प्रमुख ही भाग,
हर भाग से मिलता है लाभ ही लाभ।।

## ध्यानाकर्षण




अधिगम आधारित शिक्षण भाग प्रथम,
इसे पाने का हम सब मिलकर करें जतन।
शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े बच्चे अब ना हों निराश,
हम सब मिलकर जगाएँ उनमें आत्मविश्वास।।

लर्निंग आउटकम और आकलन है दूसरा भाग,
कर चिन्हांकन बच्चों का शिविर लगाएँ दिवस पचास
शिक्षण रणनीतियाँ और तकनीक है तीसरा भाग,
जिनका प्रयोग करके सब कक्षा जाए जाग।।

परिशिष्ट ध्यानाकर्षण का है चौथा भाग,
हिन्दी, गणित, विज्ञान, अंग्रेजी प्रपत्र का है लाभ।
प्रभावी शिक्षण तकनीक तालिका है हितकारी,
शिविर के लिए समय सारणी भी है लाभकारी।।




रचना
सुमन मौर्या (स०अ०)
प्रा० वि० डेरवाँखुर्द
चहनियाँ, चंदौली

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

मिशन शिक्षण संवाद

मिशन प्रेरणा

प्रेरक प्रदेश

उत्तर प्रदेश





# बिगुल बज गया है

बिगुल बज गया है ज्ञानक्रान्ति का,
साथी बढ़ते जाना है।
मिशन प्रेरणा महा योजना है,
इसको सफल बनाना है।।

गाँव-गाँव में घर-घर जाकर,
सबमें जोश जगाना होगा।
कोई वंचित रहे न शिक्षा से,
अपना योग लगाना होगा।।

बेसिक शिक्षा है बुनियाद हमारी,
छिपी इसी में है उजियारी।
पढ़ें सभी और बढ़ें सभी का,
लक्ष्य हमें अब पाना है।।

बच्चा-बच्चा विद्यालय आये,
अधिगम लक्ष्य को पाता जाये।
वही योजना हम सभी बनाएँ,
अब प्रेरक स्कूल बनाना है।।

शत-प्रतिशत हो रोज उपस्थिति,
हो समाज में नूतन जागृति।
कीर्तिमान अब नया बनाने,
क्षण-क्षण हमें लगाना है।।



रचना
सतीश चन्द्र (प्र०अ०)
प्रा० वि० अकबापुर
पहला, सीतापुर

आओ हाथ से हाथ मिलाएं, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं।

9458278429

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

# मिशन शिक्षण संवाद

# मिशन प्रेरणा

प्रेरक प्रदेश

उत्तर प्रदेश



11

## प्रेरणा तालिका

मिशन प्रेरणा एक सोच है,
भाषा-गणित के लक्ष्य दिलाने की।
हर बच्चे को निर्धारित लक्ष्यों को,
मिलकर प्राप्त कराने की।।

प्रेरणा तालिका से विकसित,
होगी बुनियादी समझ बच्चों में।
मिशन के लक्ष्य आंकलन हेतु,
चस्पा होगी तालिका कक्षों में।।


एक से पाँच तक की कक्षाओं,
के निर्धारित लक्ष्यों का।
प्राप्त करते जाएँ जो बच्चे,
अंकन हो तालिका में उन लक्ष्यों का।।

प्रेरणा तालिका का मूल्यांकन,
होगा प्रधान शिक्षक के द्वारा।
अधिगम स्तर का मापन,
ए० आर० पी० व अन्य टीम द्वारा ।।



रचना
शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
पू० मा० वि० स्योढ़ा,
बिसवाँ, सीतापुर

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद


# मिशन प्रेरणा

प्रेरक प्रदेश उत्तर प्रदेश

12

## ध्यानाकर्षण

ध्यानाकर्षण हस्तपुस्तिका कक्षा 4 से,
8 तक के बच्चों के लिए बनायी गयी है।
इसमें उपचारात्मक शिक्षण की अनेक,
रुचिकर विधियाँ बतायी गयी हैं।।




ऐसे बच्चे जो अपनी कक्षा के,
स्तर से थोड़े पीछे रह जाते हैं।
शिक्षक उन्हें विशेष प्रकार के,
रुचिकर तरीकों से पढ़ाते हैं।।

बच्चों के अधिगम स्तर में आये,
लर्निंग गैप को खत्म करते हैं।
और उन बच्चों को शिक्षा की,
मुख्यधारा से जोड़ सकते हैं।।

बच्चों को आरम्भिक परीक्षा के बाद,
तीन समूहों में बाँटा जाना है।
ध्यानाकर्षण शिविर पूरे सत्र में,
प्रथम कालांश में संचालित होना है।।

इस हस्तपुस्तिका में अट्ठारह,
शिक्षण तकनीकियाँ वर्णित हैं।
बच्चों के ध्यान को आकर्षित,
करने की विधियाँ लिखित हैं।।

रचना- रीना कुमारी (स0अ0)
प्रा0 वि0 सिसाना (1-8)
बागपत, बागपत







# गणित-दक्षता M 512

## "कोण" (कक्षा- 5)




कोण क्या है? करें विचार,
कोणों के कितने प्रकार?
दो किरणों के मध्य झुकाव जब हो जाए,
कोण की परिभाषा तब यह कहलाए।।





दोनो किरणें पड़ी एक दूजे पर 0° बन जाए,
90° जब हो तब ही समकोण कहलाए।
0° से हो ज्यादा हो 90° से कम,
यह अवस्था जब हो न्यूनकोण हो सम्पन्न।।

क्रमशः ये किरणें एक दूजे से और दूर हो जाएँ,
180° पर पहुचें ऋजु कोण बन जाए।
90° से हो ज्यादा 180° से कम,
ऐसे कोणों को ही कहते अधिककोण हरदम।।

एक किरण जब दूजे को पूरा चक्र कराए,
360° हो बच्चों सम्पूर्ण कोण कहलाए।
180° से हो ज्यादा 360° से अल्प,
वृहद कोण कहलाने का करती ये संकल्प।।



रचना
रश्मि शर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० विशुन नगर
खैराबाद, सीतापुर



# सु० बो० प० लि०




आधारशिला में हिन्दी भाषा,
सीखने के क्रम होते हैं चार।
बुनियादी शिक्षा भी निरन्तर,
चलती है इनके अनुसार।।

सु० से सुनना पहला क्रम,
दूजा बो० से बोलना होता।
तीजा प० से पढ़ना सीखो,
चौथा लि० से लिखना होता।।

मौखिक, लिखित, अभिव्यक्ति से,
बच्चों के अनुभव जाने जाते।
जब पढ़ने का कौशल हो जाग्रत,
आकलन द्वारा पहचाने जाते।।

अमात्रिक शब्द बिन्दु मिलाकर,
वर्ण लेखन का कराओ अभ्यास।
लर्निंग आउटकम हो हासिल,
नयी-नयी गतिविधियों के साथ।।



रचना- मन्जू शर्मा (स०अ०)
प्रा०वि० नगला जगराम
सादाबाद, हाथरस

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद

# मिशन प्रेरणा

## रचनाकारों की सूची

| | |
|---|---|
| 01- नैमिष शर्मा, मथुरा | 08- ज्योति सागर, बागपत |
| 02- शहनाज़ बानो, चित्रकूट | 09- सुमन मौर्या, चन्दौली |
| 03- पूनम गुप्ता, अलीगढ़ | 10- सतीश चन्द्र, सीतापुर |
| 04- प्रतिमा उमराव, फतेहपुर | 11- शिखा वर्मा, सीतापुर |
| 05- अशोक कुमार, चित्रकूट | 12- रीना कुमारी, बागपत |
| 06- नीलम भास्कर, बागपत | 13- रश्मि शर्मा, सीतापुर |
| 07- सुमनलता मौर्य, आजमगढ़ | 14- मन्जू शर्मा, हाथरस |

***तकनीकी सहयोग***
जितेन्द्र कुमार, बागपत
आयुषी अग्रवाल, मुरादाबाद
सुधांशु श्रीवास्तव, फतेहपुर

मार्गदर्शन:- राजकुमार शर्मा, चित्रकूट

संकलन:- मिशन शिक्षण संवाद